प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 23.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में तेज बरसात से जनजीवन प्रभावित हैं अधिकांश इलाकों में कल से ही शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी हैं मौसम विभाग ने चित्तौडगढ और भीलवाडा के लिए बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं वहीं 9 जिलों में भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट हैं बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 50 सेंटीमीटर बरसात बूंदी के नैनवा में रिकॉर्ड हुई विभाग के अनुसार बूंदी के पाटन में 31 सेंटीमीटर, कोटा के दीगोद में 27, बारां के अंता और किशनगंज में 24–24, टोंक के अलीगढ उनियारा में 22 सेंटीमीटर पानी बरसा करौली के सपोटरा में 14, बांसवाडा के भूंगडा में 12 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुई सवाईमाधोपुर और जयपुर के कई क्षेत्रों में दस सेंटीमीटर तक बरसात हुई हैं लोकसभा अध्यक्ष आज बूंदी, कोटा और बारां जिलों के भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का दोरा करेंगें उनके साथ आपदा प्रबंधन मंत्री किरोडी लाल मीणा और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद रहेंगें उधर अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य किये जा रहे हैं लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पंहुचाया जा रहा हैं कई जिलों में स्कूलों में बच्चों की आज की छुट्टी घोषित की गई हैं

0000

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज मनाया जा रहा हैं यह दिन 23 अगस्त 2023 में चन्द्रयान–तीन मिशन के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाने और प्रज्ञान रोवर को चन्द्रमा पर ले जाने की याद में मनाया जाता हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं एक वीडियो संदेश में, श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कम समय में ही युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया हैं उन्होंने कहा कि आज भारत सेमी–क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों में तेज़ी से आगे बढ़ रहा हैं भारत जल्द ही गगनयान मिशन का शुभारंभ करेगां प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाएगां

......

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को अंतरिक्ष दिवस की शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि ये दिन भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, अनुसंधान क्षमता और अंतरिक्ष विज्ञान में बढते वैश्विक नैतृत्व का प्रतीक हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ करेंगें केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले वर्ष नवंबर में इस मिशन को केंद्रीय योजना के रूप में मंजूरी दी थीं इस मिशन का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार, पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करना और किसानों की लागत को कम करके जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करना हैं ये मिशन स्थिरता, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित भोजन के लिए वैज्ञानिक रूप से समर्थित दृष्टिकोणों के साथ कृषि पद्धतियों को मजबूत करने पर केंद्रित हैं

0000

प्रदेश में विभिन्न सडक हादसों में 6 लोगो की मृत्यु हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गएं आज सुबह लाडनूं–सुजानगढ़ मार्ग पर पाबोलाव बालाजी मंदिर के पास रोडवेज बस और जीप की आमने–सामने टक्कर हो गईं दुर्घटना में जीप में सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गएं घायलों को लाडनूं के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं ये सभी लोग चूरू जिले के रहने वाले थें एक अन्य हादसा राजसमंद के अमरतिया गांव के पास हुआं इसमें एक रोडवेज बस और पिकअप आपस में टकरा गएं दुर्घटना में दोनो वाहन चालकों की मृत्यु हो गई, जबकि बस में सवार पांच लोग घायल हो गएं ये बस जयपुर से उदयपुर जा रही थीं

0000

अजमेर स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में डेजर्ट क्लाइमेंट चेंज रिसर्च सेंटर बनाया जायेगां ये केन्द्र रेगिस्तानी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं इस संबंध में कल विश्वविद्यालय में बैठक आयोजित की गईं

0000